तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 9 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



जीवन को खुशहाल बनाने कमियों की बजाए विशेषताओं को देखें

4




## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र सोमवार 14 जुलाई से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर जांजगीर-चांपा के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस संबंध में मछली पालन विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### डिजीटल क्रांप सर्वे : 30 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आगामी खरीफ फसल हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस हेतु 390 ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहाँ जियो-रेफरेंसिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इन ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाएगा। उक्त सर्वे हेतु प्रत्येक चयनित ग्राम में 20-20 सर्वेयरों का चयन किया जाना है। सर्वेयरों को प्रत्येक खेत के स्थल पर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल का सर्वे करना होगा तथा 3 (फोटो) अपलोड करना आवश्यक होगा। सर्वेयरों को सर्वे कार्य हेतु 10 प्रति खसरे का मानदेय राशि उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के मार्गदर्शन में की गई। थाना शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो लोग अवैध कच्ची शराब बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेड कार्रवाई कर चंदन सिंह भारद्वाज 30 वर्ष, निवासी बेल्हा और सम्मेलाल भारद्वाज 33 वर्ष, निवासी रिंगनी थाना शिवरीनारायण को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमत करीब 1000 रुपये बरामद की गई।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** छ ग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक गुरुवार 10 जुलाई को कर्मचारी भवन नहरिया बाबा मार्ग आयकर ऑफिस के पास रखी गई है। बैठक में 13 जुलाई को बिलासपुर कर्मचारी भवन में दोपहर 12 बजे पी आर यादव प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आम सभा रखी गई है। इस विषय पर चर्चा कर अधिक से अधिक साथी बैठक में जाने हेतु निर्णय लिया जाएगा सभी पेंशनरों को बैठक में शामिल होने कहा गया है।

### पामगढ़ ब्लाक के मेऊ पूर्व माध्यमिक शाला का मामला

# बच्चों के साथ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा मिडिल स्कूल के गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

मेंऊ गांव के मीडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षिका को 10 सालों से छात्रावास में अटैच करने के विरोध में बच्चों और अभिभावकों के साथ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया। ऐसे में शिक्षा विभाग के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हरकत में आए। इस दौरान उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रावास में अटैच शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से मूल शाला में वापस भेजने का आदेश जारी किया गया।



स्कूल गेट के सामने खड़े अभिभावक व बच्चे।

मंगलवार 8 जुलाई को पामगढ़ ब्लाक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला मेंऊ में बच्चों और अभिभावकों का गुस्सा शिक्षा विभाग और अनुसुचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। उन्होंने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। इस दौरान क्लास लगने की बात तो दूर शिक्षक और संबंधित विभाग के कर्मचारियों तक को भी विद्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया गया। स्कूल में तालाबंदी की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान बच्चों व अभिभावकों के साथ उपस्थित ग्रामीणों ने अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि दिखाते हुए कहा कि उनके यहां शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मेंऊ में पदस्थ शिक्षक एलबी को विगत 10 सालों से प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास पामगढ़ में संलग्न करके रखा गया है। शिक्षकों की कमी के चलते कई अभिभावकों ने अपने बच्चों का टीसी निकलवा लिया गया है। इसलिए उक्त शिक्षिका को मूल शाला में वापस भेजने की मांग लगातार की जा रही है लेकिन उनकी मांगों पर आज तक कोई पहल नहीं की गई। ऐसे में वे उक्त शिक्षिका को तत्काल मूल शाला में वापस भेजने की मांग पर अड़े रहे। एसडीएम पामगढ़ और थाना प्रभारी के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी वहां पहुंचे। उन्होंने उनकी पूरी बाते सुनी और कहा कि उक्त शिक्षिका छात्रावास में संलग्न है। अतः उन्हें कार्यमुक्त करने के लिए पत्र लिखा गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने भारी नाराजगी जाहिर की और सीधे शब्दों में कहा कि जब तक उक्त शिक्षिका को मूल शाला में वापस भेजने का आदेश नहीं हो जाता। स्कूल गेट का ताला नहीं खुलेगा। बताया जाता है कि इस पर अधिकारियों ने जिला मुख्यालय के अफसरों से चर्चा की और मुख्यालय से तत्काल से पहल करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद कुछ घंटे के भीतर ही आदिम जाति कल्याण विभाग से एक कार्यालयीन आदेश जारी करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर चांपा ने शिक्षिका एलबी को प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पामगढ़ के अधीक्षकीय कार्य से मुक्त करते हुए उनके मूल शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मेंऊ के लिए कार्यमुक्त करने का आदेश दिया। वहीं प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास अधीक्षिका का अतिरिक्त प्रभार पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास अधीक्षिका को दिया गया है।

#### अधीक्षकीय कार्य से मुक्त

मीडिल स्कूल मेंऊ में पदस्थ शिक्षिका को अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में अधीक्षकीय कार्य के लिए अटैच किया गया था। इधर गणित विषय के शिक्षक को लेकर छात्र सहित अभिभावकों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। मामले की सूचना पर अधिकारी पहुंचे। इस बीच शिक्षिका को अधीक्षकीय कार्य से मुक्त करते हुए मूल शाला में पदस्थ किया गया है।

**-मोहन कौशिक,**
बीईओ, पामगढ़



युवक की खोजबीन में जुटी एसडीआरएफ की टीम।

# उफनते नाले में बह गया युवक 24 घंटे बाद भी नहीं चला पता

### एनडीआरएफ की टीम जुटी खोजबीन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिला अंतर्गत पोता भाटा मुख्य मार्ग से अंडा जाने वाले बागान नाला पुल पर एक युवक बह गया शाम करीब 7 बजे नाला के तेज बहाव में बहे युवक को तलाश में पुलिस और स्थानीय लोगों के साथ एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई, टीम ने आसपास के चार-पांच किलोमीटर तक छान मारा, लेकिन 24 घंटे बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है।

पिछले चार दिनों से हुई बारिश के साथ बागान नाला उफान पर आ गया। यहां पुल से ऊपर नाला का पानी बह रहा था, इस दौरान सोमवार 7 जुलाई की शाम 35 वर्षीय सुलचैन वारम अपने घर के लिए लौट रहा था। बताया जाता है कि वहां से नाला के पुल को पार कर रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ गया और तेज बहाव में बह गया। जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ परिजन और स्थानीय लोग पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की गई। स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई। बताया जाता है कि एनडीआरएफ के साथ पुलिस और आसपास के लोग दिनभर उसकी तलाश करते रहे। लेकिन 24 घंटे बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है। उल्लेखनीय है कि सक्ती जिले के मालखरौदा क्षेत्र में इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते नाले उफान पर चल रहे है। क्षेत्र के सपनई नाला सहित अन्य नालों में लगातार पानी का तेज बहाव चल रहा है। इसे लेकर प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा लोगों को पानी के तेज बहाव के बीच नालों के पास से आवागमन नहीं करने की हिदायत भी दी जा रही है। इसके बावजूद कई लोग अपनी जान की परवाह किए बगैर नदी नालों से होकर आवागमन कर रहे है। ऐसे में हर पल हादसों की संभावना बनी हुई है।

# जमीन विवाद : हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



जमीन विवाद के चलते अधेड़ की हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल ने सुनाया है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से

- द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल ने सुनाया फैसला

मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम अमेरीडीह निवासी सूचनाकर्ता सुशीला बाई ने थाना मालखरौदा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना 2 अक्टूबर 2023 को दोपहर 1 बजे में अपने पुत्र कैलाश जटवार और पति बाबूलाल के साथ खेत में काम करने के बाद बड़कामुड़ा तालाब में नहाने गए थे। उसी समय खीकराम कुर्रे ने अपने हाथ में सबल लेकर आया और पति बाबूलाल के सिर में जोर से मारा जिससे उसकी मृत्यु हो गई आरोपी खीकराम कुर्रे उनके जमीन को लेकर हमेशा लड़ाई करता था और उनके साथ द्वेश भी रखता था। अभियुक्त के खिलाफ मामला मालखरौदा थाने में दर्ज होने के पश्चात विवेचना की कार्रवाई शुरू की गई। विवेचना पूर्ण हो जाने के पश्चात अभियुक्त खिकराम कुर्रे खिलाफ पर्याप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधि के अनुसार गिरफ्तार कर माननीयअपर सत्र न्यायालय शक्ति मैं विचारण हेतु पेश किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन ने 10 साक्षियों के कथन करवाए। उन्हीं साक्षियों के कथन के आधार पर श्रीमती लीना अग्रवाल द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, सत्र न्यायालय सक्ती ने 7 जुलाई 2023 को बाबूलाल के सिर में लोहे के संबल से प्राणघातक हमला किया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हत्या का अपराध के लिए आरोपी खीकराम कुर्रे को आजीवन काराकास और 1 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गय। अदायगी नहीं कर पाने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। अभियोजन के लिए मनोज सिंह सिसोदिया अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की।

### शादी का झांसा देकर अनाचार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान धनीराम अजगल्ले उम्र 36 वर्ष निवासी खुरघटी थाना डभरा के रूप में हुई है। इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी धनीराम ने युवती को शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ जबरन अनाचार किया। पीड़िता ने इस घटना की शिकायत थाना जांजगीर में दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने 7 जुलाई को धारा 62(2)(e), 89 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# सड़क पर मवेशियों का कब्जा, हादसे में बाल-बाल बचा शाखा प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तुस्मा स्थित कांजी नाला पुल पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सड़क पर आए दिन मवेशियों का कब्जा रहता है। जिसके चलते यह हादसा हुआ।

ज्ञात हो कि ग्राम तुस्मा के कंजीनाला में एलएनटी बैंक शिवरीनारायण शाखा के शाखा प्रबंधक रवि कुमार राठौर उस समय सड़क हादसे का शिकार हो गए जब वह बैंक से संबंधित कार्य के लिए फील्ड विज़िट पर निकले थे। कांजी नाला के पास पहुंचते ही अचानक सड़क पर मवेशियों का बड़ा झुंड दौड़ता हुआ आया,



हादसे के बाद सड़क पर पडे शाखा प्रबंधक।

जिससे उनकी बाइक असंतुलित हो गई और वे वहीं गिर पड़े। हादसे में उन्हें हल्की चोटें आई हैं, लेकिन बड़ी अनहोनी से वे बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने मानवीयता दिखाते हुए घायल बैंक मैनेजर की सहायता की और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आराम की सलाह दी गई है। ग्रामीणों की तत्परता से यह हादसा किसी बड़ी त्रासदी में तब्दील नहीं हो पाया। कांजी नाला स्थित यह पुल इन दिनों मवेशियों की स्थायी शरणस्थली बन चुका है। गांव वासियों के अनुसार,यहां मवेशियों का जमावड़ा इतना अधिक होता है कि पुल अब गौठान की तरह प्रतीत होता है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर पंचायत और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में और गंभीर हादसे हो सकते हैं।

# प्राथमिक शाला में घुसा बरसाती पानी, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इससे शासकीय प्राथमिक शाला करही में पानी भर गया है। स्कूलों में पढ़ाई ठप है। छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में परेशानियां हो रही है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत करही में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के चलते



करही के प्राथमिक स्कूल में भरा बरसाती पानी

शासकीय प्राथमिक शाला में बरसाती पानी भर गया है। हर साल बारिश में पानी भरता है। इस बार भी वही हाल है। शाला परिसर पानी में डूबा है। छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं आ पा रहे। जो आते हैं, उन्हें भी पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। पढ़ाई पुरी तरह प्रभावित हो रही है। जिला के उच्च अधिकारी और शिक्षा विभाग को कई बार जानकारी दी गई। फिर भी न पक्का मैदान बना, न पानी निकासी की कोई व्यवस्था हुई। स्कूल के पास की नालियों की सफाई नहीं हुई। इससे बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा। स्कूल प्रबंधन ने कई बार शिक्षा विभाग को बताया फिर भी कोई इंतजाम नहीं हुआ। स्कूलों में पानी भरने से बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

इस संबंध में प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला का कहना है कि पानी भरने से कई बच्चे स्कूल नहीं आ पाते हैं। लगातार बारिश के चलते स्कूलों में जलभराव से परेशानी हो रही है। पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाएगी।

### जोबी से पीथमपुर आवागमन करने वालो की बढ़ी परेशानी

# चक्काजाम व आंदोलन के बाद भी नहीं सुधरी सड़क की हालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चक्काजाम एवं आंदोलन करने के बाद भी जोबी पीथमपुर मार्ग की सडक की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। वही मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सडक से होकर आवागमन करने की मजबुरी बनी हुई है।

विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है। इस तरह की



जर्वे पीथमपुर सड़क की हालत जर्जर।

समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खासबात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर सप्ताह भर पहले ही ग्रामीणो के द्वारा जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग के जोबी खोक्सा बायपास मार्ग रेल्वे ओवर ब्रीज के पास ग्रामिणो के द्वारा जांजगीर चाम्पा के विधायक ब्यास नारायण कश्यप सहित जर्वे के सरपंच एवं अन्य लोगो के द्वारा सडक मरम्मत की मांग को लेकर जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं आंदोलन भी किया गया था। इधर शुक्रवार 11 जुलाई से सावन का महीना प्रारंभ हो रहा है। भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने पीथमुपर स्थित कलेश्वर नाथ की पूजा अर्चना करने जाएंगे।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ दलगंजन साय का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के चलते सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।






# दिलीप कुमार को याद कर धर्मेंद्र हुए इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल धर्मेंद्र ने आज के दिन को मनहूस बताते हुए कहा कि आज ही दिन उनका सबसे प्यारा दोस्त उनसे बिछड़ गया था। धर्मेंद्र का यह पोस्ट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धर्मेंद्र और दिलीप कुमार एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज का दिन कितना गमनाक और मनहूस दिन है।

लाइफ Style

# वाणी
## मंडला मर्डर्स से कर रहीं डिजिटल डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेटफ्लिक्स और वायआरएफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित और विधा सीमाएं लांघने वाली सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है।

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने कहा कि यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है।



टॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसे महेश

**हैदराबाद।** साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू एक कानूनी विवाद में उलझ गए हैं। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ रियल एस्टेट घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट खरीदने के लिए करीब 34.8 लाख रुपये दिए, लेकिन जिस जमीन की बात की गई थी, वह असल में मौजूद ही नहीं थी। इस शिकायत के आधार पर, तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले की उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता महेश बाबू को कानूनी नोटिस भेजा है।



# ऋषभ को बर्थडे पर मिला तोहफा...

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' का पोस्टर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन के खास मौके पर ही आउट किया है। वहीं मूवी की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की मूवी 'कांतारा' ने साल 2022 में खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं ये मूवी उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं आज यानी 7 जुलाई को इसके प्रीक्वल का पोस्टर जारी किया गया है। इसका नाम 'कांतारा चैप्टर 1' रखा गया है। मेकर्स ने इस मूवी के पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के बर्थडे पर ही रिलीज किया है। आज एक्टर अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर उन्होंने फैंस को भी सरप्राइज गिफ्ट दे दिया है। वहीं मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। ये मूवी इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है। वहीं अजय और मृणाल ने इसकी जानकारी अपने फैंस को इंस्टाग्राम पर दी।




# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है। अब तक फिल्म को एक गहन प्रेम कहानी के लिए सर्वसम्मति से सराहना मिल रही है।

टीवी मसाला



# दीपिका सर्जरी के बाद फिर बिजनेस में उतरीं

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ सर्जरी के बाद फिर से बिजनेस में उतर गई हैं। एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने लेटेस्ट व्लॉग में एक्ट्रेस की हेल्थ अपडेट भी शेयर की है। दीपिका की हाल ही में कैंसर की सर्जरी हुई है। हालांकि अभी एक्ट्रेस अस्पताल से घर पर भी आ गई हैं और उनकी हेल्थ में भी सुधार देखा जा रहा है। उनके पति और एक्टर शोएब इब्राहिम ने हाल ही में एक्ट्रेस की हेल्थ का अपडेट शेयर किया है। साथ ही ये भी बताया कि दीपिका ने फिर से अपनी क्लॉथिंग ब्रांड का करियर शुरू कर दिया है। शोएब ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक लेटेस्ट व्लॉग जारी किया है। इसमें वो अपने बेटे रूहान के साथ शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। साथ ही एक्टर ने अपनी पत्नी दीपिका की हेल्थ के बारे में भी बात की है। व्लॉग में उन्होंने बताया कि दीपिका की जो सर्जरी हुई थी अब उनके टांके हट गए हैं। साथ ही अगले वीक उनका नया इलाज भी शुरू हो जाएगा। दीपिका के पति शोएब ने व्लॉग में आगे बताया कि दीपिका जब सर्जरी के बाद वापस घर आई थीं तो उन्होंने अपने क्लॉथिंग ब्रांड का काम फिर से शुरू कर दिया। अब दीपिका अपनी ब्रांड डीकेआई पर एक बार फिर से काम कर रही हैं। बता दें इस व्लॉग में सर्जरी के बाद पहली बार दीपिका अपने बेटे रूहान और पति शोएब के साथ बाहर घूमने गईं और बाहर का खाना भी खाया।

## 'इत्ती सी खुशी' में मुख्य भूमिका में आएंगी नजर



**मुंबई।** नया पारिवारिक ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' में अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। सुम्बुल अपने प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस और भावनात्मक गहराई के लिए जानी जाती हैं, और अब वह अन्विता दिवेकर का किरदार निभाने जा रही हैं। मुंबई की चहल-पहल भरी पृष्ठभूमि में रची गई यह कहानी 21 वर्षीय अन्विता की है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने बिखरते परिवार की अनचाही लेकिन मज़बूत आधारशिला बन जाती है। एक ओर उसका पिता शराब की लत से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर मां उन्हें पहले ही छोड़ चुकी है। ऐसे में अन्विता अपने सपनों और पढ़ाई की कुर्बानी देकर अपने भाई-बहनों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने में लग जाती है। यह शो रोजमर्रा के संघर्ष, अनकहे बलिदानों और बिना शोर के जीतने वाले प्रेम और साहस की कहानी को बेहद सच्चाई और कोमलता से दर्शाता है। अन्विता के किरदार के बारे में बात करते हुए सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, मैं 'इत्ती सी खुशी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं और अन्विता की कहानी को जीवन देने का मौका पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। अन्विता दिवेकर कोई सामान्य टेलीविजन किरदार नहीं है।

# स्पोर्ट्स ड्रामा '5th सितंबर' का ट्रेलर आउट, 18 जुलाई को होगी रिलीज



**मुंबई।** केएसएम फिल्म प्रोडक्शंस ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '5th सितंबर' का भावनात्मक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह एक दिल छू लेने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो न केवल खेल की भावना बल्कि जीवन बदलने वाले मेंटर्स की अहमियत को भी दर्शाती है। कुनाल शमशेर मल्ला की ओर से निर्देशित और निर्मित यह फिल्म 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक भावुक क्लासरूम सीन से होती है, जिसमें अधूरे सपनों, पछतावों और एक गुरु और शिष्य के बीच के अनकहे रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाया गया है। जल्द ही कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंचती है जहां एक सच्चा मार्गदर्शक, एक टूट चुके इंसान को फिर से जीने की राह दिखाता है। फिल्म के निर्देशक कुनाल शमशेर मल्ला कहते हैं, मैंने खेल को सिर्फ एक पृष्ठभूमि के रूप में चुना है। असल में यह फिल्म भावना, क्षति और एक मेंटर के माध्यम से दोबारा विश्वास पाने की कहानी है। '5th सितंबर' मेरी ओर से हर उस गुरु को समर्पित है जिसने कभी किसी छात्र को हिम्मत दी है।।फिल्म एक ऐसे पूर्व खिलाड़ी की कहानी है जो अपने अतीत से जूझ रहा है और एक नई पीढ़ी के साथ जीवन का उद्देश्य फिर से खोजता है। दमदार अभिनय, गहरे संवाद और सजीव दृश्यों के साथ यह फिल्म आत्मनिरीक्षण, प्रेरणा और उम्मीद का संदेश देती है।

# 'मेट्रो इन दिनों' की बॉक्स ऑफिस पर हालत पस्त
## 20 करोड़ कमाना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** अनुराग बासु की नई फिल्म, 'मेट्रो... इन दिनों' 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है। फिर भी फिल्म का कलेक्शन 20 करोड़ के पार नहीं जा पाया है। मेट्रो इन दिनों को दर्शकों और पहले दिन अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद उम्मीद लगाई गई थी कि फिल्म वर्ड ऑफ माउथ से फायदा मिलेगा। लेकिन अभी ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, फातिमा सना शेख, अली फज़ल, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीसरे दिन 5.46 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन 6 करोड़ रुपए और पहले



दिन 3.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इससे फिल्म का कुल कलेक्शन 14.96 करोड़ रुपये हो गया। यदि फिल्म का कलेक्शन इसी तरह जारी रहा, तो 'मेट्रो... इन दिनों' का लाइफ टाइम बिजनेस 50 करोड़ रुपये भी पहुंचना मुश्किल होगा। 'मेट्रो... इन दिनों' का लेखन और निर्देशन अनुराग बासु ने किया है। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है। यह फिल्म 2007 में आई 'लाइफ इन ए... मेट्रो' का सीक्वल है। फिल्म में चार अलग-अलग उम्र के जोड़ों की कहानियाँ हैं, जो मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे शहरों में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

## चलचित्र देखकर कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए थे

# 7 जुलाई को पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर दी थीं दिखाई

*मुंबई। मुंबई के वॉटसन होटल में 7 जुलाई 1896 को ही पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर सामने दिखाई दी थीं। उस समय किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि यही दिन भारतीय सिनेमा के सुनहरे सफर की शुरुआत बनेगा। पहली बार लुमियर ब्रदर्स की 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' जैसी फिल्म ने दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया। आज, 129 साल बाद, उसी दिन को याद करते हुए भारतीय सिनेमा की नींव और उसके शुरुआती दिनों की कहानी फिर से जिंदा हो उठी है।*

## लुमियर ब्रदर्स की फिल्म 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' से दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया था

### कैसे और कहां शुरू हुई पहली फिल्म

7 जुलाई, 1896 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे एक विज्ञापन ने मुंबईवासियों को 'दुनिया के सबसे बड़े चमत्कार' को देखने का न्यौता दिया था। उस दौरान वॉटसन होटल में हुए इस इवेंट में एक रुपए का टिकट हुआ करता था। इसी पैसे के साथ दर्शकों ने सदी के सबसे अनोखे आविष्कार, चलती हुई स्क्रीन को पहली बार देखा। लुमियर ब्रदर्स की ओर से प्रदर्शित की गई यह 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' नामक फिल्म में सिर्फ एक ट्रेन स्टेशन पर आती दिखाई गई थी। लेकिन दर्शकों को यह सीन इतना असली लगा कि कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए, जबकि कुछ औरतें बेहोश तक हो गईं थीं।



### लुमियर ब्रदर्स ने कैसी फिल्मों को स्क्रीन पर दिखाना शुरू किया

फ्रांस के लुई और अगस्ते लुमियर ने साल 1895 में पेरिस में पहली बार सिनेमा दिखाया था। पेरिस और लंदन में सक्सेस के बाद वह भारत आए और बॉम्बे आकर, 14 जुलाई से नोवेल्टी थिएटर में इन फिल्मों का दोबारा प्रदर्शन हुआ और यह सिलसिला एक महीने तक चलता रहा। बता दें कि शुरुआती फिल्मों में कोई कहानी नहीं हुआ करती थी, बल्कि सिंपल इंसीडेंसेस हुआ करते थे, जैसे दीवार गिराना, ट्रेन का आना, या किसी फैक्ट्री से कामगारों का बाहर निकलना ही स्क्रीन पर दिखाया जाता था। उस दौर में ये छोटे-छोटे सीन्स ही दर्शकों को काफी उत्साहित करते थे।

### लुमियर ब्रदर्स से प्रेरित होकर भारत में मगांया गया कैमरा

लुमियर ब्रदर्स ने तो दर्शकों के बीच चलती स्क्रीन का प्रचलन ला ही दिया था। इनसे प्रेरित होकर महाराष्ट्र के हरीशचंद्र सखाराम भटवाडेकर जिनको सावे दादा भी बोला जाता था। इन्होंने भारत में पहला कैमरा मंगाया और कुश्ती के सीन को शूट कर भारत की पहली डॉक्यूमेंट्री बनाई। आगे चलकर उन्होंने न्यूजरील के साथ-साथ बाकी की सामाजिक घटनाओं को भी रिकॉर्ड किया।

### 'राजा हरिश्चंद्र' बनी पहली फीचर फिल्म

जेएफ मदन और अब्दुल अली यूसुफ अली जैसे बिजनेसमैन ने फिल्म को बिजनेस के तौर पर बनाने का काम शुरू कर दिया। छोटे शहरों और गांवों में टेंट सिनेमा का चलन शुरू हुआ, जिससे सिनेमा देश भर में काफी फेमस हो गया। हालांकि कुछ इतिहासकार साल 1912 में रिलीज आई 'पंडालक' को पहली फिल्म मानते हैं, मगर दादा साहेब फाल्के की 'राजा हरिश्चंद्र' जो 3 मई, 1913 को भारत में आई थी, इसे भारत की पहली मूक फीचर फिल्म का दर्जा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### धनुहारपारा में मनाया गया शाला प्रवेशउत्सव

**कोरबा।** विकास खण्ड पाली अंतर्गत प्राथमिक शाला धनुहारपारा (केराकछार), संकुल-माँगामर में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुरुआत माता सरस्वती के पूजा अर्चना से हुआ, कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, फूल मालाओं से स्वागत करते हुए, पाठ्यपुस्तक का विरतण किया, कार्यक्रम में शाला प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती सूरज बाई, व सदस्य दुर्गाप्रसाद, सोनकुंवर, गणपतलाल, शिवकुमार, मोहन, पंचराम, बुधवार सिंह, सुमन, राजकुमारी उपस्थित रहे। शाला के प्रधान पाठक डॉ नरेन्द्र प्रताप राठौर ने पालकों से अपने अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए आग्रह करते हुए, विद्यालय भवन की जर्जर स्थित से अवगत कराया।

### निगम ने हटाया बेजाकब्जा



**कोरबा।** चार दिन से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई बस्तियों में पानी भर जाने की वजह से लोग परेशान हो गए हैं। निचली बस्तियों में घर टूट रहे हैं लोगों को जान माल का खतरा दिखाई दे रहा है। इसका एक बड़ा कारण है अवैध कब्जा। नालियों के ऊपर घर अथवा और कुछ निर्माण कर लेने से पानी की निकासी बंद हो जाती है और फिर जब पानी अधिक बरसता है तो वह क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। ऐसा ही हो रहा है कोरबा नगर निगम क्षेत्र में इस समस्या के मद्दे नजर नगर निगम प्रशासन ने पुलिस की मदद से कोरबा के प्रवेश द्वार सीतामढ़ी से कब्जा हटना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन उनकी एक नहीं चल रही है। कब्जा हटाने का क्रम जारी है।

### नीरज बने लोजपा मजदूर सभा का प्रदेश सचिव



**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मजदूर सभा के प्रदेश संयोजक बी अरूण नायडू ने नीरज चौधरी की सक्रियता को देखते हुए प्रदेश प्रवक्ता के पहल पर सचिव पद पर नियुक्त किया है। श्री चौधरी ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्मभूषण प्राप्त एवं लोजपा के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के सपनों को एवं लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (लेबर सेल), राजेश पासवान एवं प्रदेश संयोजक अरूण नायडू के दिशा निर्देश में पार्टी हित में हमेशा काम करेंगे।

### कोटवारी भूमि प्रकरण में दो लोगों पर कार्रवाई

**कोरबा।** कटघोरा तहसील अंतर्गत ग्राम छुरीकला और डुड़गा में पूर्व कोटवारी भूमि के अनुचित विक्रय और नामांतरण के दो मामलों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय, कटघोरा द्वारा कार्रवाई की जा रही है। दोनों प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन तामील नहीं हो पाने के कारण अब सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की गई है। पहला मामला तिलकदास पिता मोहन दास (ग्राम छुरीकला) से संबंधित है, जिनकी सुनवाई 10 जुलाई को तय है। दूसरा मामला हेमंत कुमार उर्फ छोटू त्रिपाठी (ग्राम डुड़गा) से जुड़ा है, जिनकी सुनवाई 18 जुलाई को निर्धारित की गई है।दोनों मामलों में कोटवारों द्वारा बिना कलेक्टर की अनुमति के कोटवारी भूमि को बेचकर नामांतरण कराए जाने का आरोप है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ऐसे प्रकरणों में नामांतरण निरस्त कर भूमि को पुनः सेवा भूमि के रूप में दर्ज किया जाना है।

## कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों का झुण्ड कर रहा है विचरण

# बारिश आते ही हाथियों का झुण्ड बस्तियों की ओर करता है रुख, रोकना विभाग के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब हाथी जंगलों से भटककर बस्तियों की ओर रुख करने लगे हैं और इसी मौसम में ही हाथियों और मानव के बीच सबसे ज्यादा द्वंद देखने को भी मिलता है। वन विभाग लगातार हाथियों को रोकने का प्रयास कर रहा है और गांव में मुनादी कर रात को हाथियों को बस्तियों की ओर घुसने के लिए रोक रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा वनमंडल में हाथियों का बसेरा है। सबसे ज्यादा कटघोरा वनमंडल में हाथियों का विचरण क्षेत्र है। मौजूदा स्थिति में केंदई और एतमानगर रेंज में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन दिनों हाथी देर शाम होते ही जंगलों को छोड़कर बस्तियों की ओर रुख करते हैं क्योंकि बस्तियों के बाड़ी में लगे केले के पेड़, मक्का और घरों में रखे धान और महुआ उन्हें अपनी और आकर्षित करता है। यही वजह है कि बारिश के दिनों में अक्सर हाथियों का झुंड जंगल को छोड़कर बस्तियों में ही घुसता है और इसी दौरान हाथी और मानव द्वंद की घटना सबसे ज्यादा होती है। बीते कुछ वर्षों के दौरान यह देखने को पाया गया है कि ज्यादातर घटना इसी दौरान सामने आती है। हालांकि एक दिन पहले सरभोंका के केसरुपारा बस्ती में घुसने की कोशिश कर रहा था लेकिन वन विभाग की टीम पहले से ही अलर्ट मोड में थी और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जैसे ही हाथियों का झुंड बस्ती में घूसने की कोशिश कर रहा था उन्हें वन विभाग की टीम हूटर बजाकर और रोशनी दिखाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया। निश्चित तौर पर विभाग की पहल से हाथी घनी बस्तियों में नहीं घुस पाया अन्यथा बड़ी जनधन की हानि हो सकती है।



रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम।

### बस्तियों से दूर बने घरों में बरतनी होगी सावधानी

अक्सर देखने को मिलता है कि बारिश के दिनों में हाथियों का झुण्ड बस्तियों में घूसने की कोशिश करता है लेकिन बस्तियों से दूर अलग थलग मकान बनाकर रहने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान है। कई बार हाथी आक्रामक हो जाते हैं और इन्हीं अलग-अलग मकान में रहने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं और मकान को तोड़ देते हैं या उनके ऊपर हमला कर उनकी जान भी ले लेते हैं। जिले में इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है और बस्ती से अलग-अलग रहने वाले लोगों को ही शिफ्ट करना विभाग के लिए चुनौती होता है। हाथी आने या दस्तक देने की सूचना पर इन्हीं अलग थलग रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित पक्के मकान में पहुंचाना होता है अन्यथा कभी भी कोई गंभीर घटना हो जाती है।

### 40 हाथियों का झुंड तीन रेंज में डाले हैं डेरा

कटघोरा वनमंडल में सबसे ज्यादा 46 हाथियों का झुंड पिछले कई वर्षों से अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं। हाथियों को जंगल ही रास आ रहा है क्योंकि इन्हें बेहतर आवास मिल रहा है। मौजूदा स्थिति में कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है। जिसमें 5 हाथी केंदई रेंज में हैं। 27 हाथी एतमानगर जबकि 14 हाथी जटगा रेंज में विचरण कर रहे हैं। लगातार इन हाथियों की निगरानी के लिए वन विभाग की विशेष टीम अलग-अलग भागों में विभक्त होकर इन हाथियों की निगरानी कर रही है। साथ ही ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी इन हाथियों की ट्रैकिंग की जा रही है ताकि कोई जान माल का नुकसान ना हो।

### कक्षा लेने के निर्देश

अमूमन बारिश के दिनों में हाथियों का झुंड जंगल से भटककर बस्तियों की ओर रुख करने का प्रयास करते हैं। इस बीच कोई बड़ी जन धन हानि ना हो इसके लिए सभी स्टाफ को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं और लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में बस्तियों में ही मुनादी कर लोगों को सजग रहने की सलाह दी जा रही है।

**-अभिषेक दुबे,** वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई

# गढ्ढे में डाली मिट्टी, फंसे भारी वाहन, लगा रहा घंटों जाम



सर्वमंगला कुसमुण्डा मार्ग में लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के मौसम में सड़कों के चौक चौहारों में बने गढ्ढों को पाटने के लिए बड़े बजट वाले नगर निगम को गिट्टी भी नसीब नहीं हो रही है। मिट्टी और मुरुम डालकर गढ्ढों को पाटने से छोटे बड़े वाहनों ने उन गढ्ढों में फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसा ही लंबा जाम सर्वमंगला मंदिर चौक में बने गढ्ढे में मुरुम और मिट्टी डालने के कारण भारी वाहनों के फंसने से लग गया।

गढ्ढे में मुरुम और मिट्टी डालने के कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिसमें वाहन फंस रहे हैं। रिस्दी चौक के बड़े गढ्ढों में ऐसे ही मिट्टी और मुरुम डाली गई है जिसमें बालका जाने वाले छोटे बड़े वाहनों के फंसने से जाम लग जाता है। उस समस्या से निजात नहीं मिली थी कि सर्वमंगला मंदिर चौक में बने गढ्डों में मिट्टी और मुरुम डाल दी गई। सुबह भारी वाहनों के आवागमन से कई छोटे बड़े वाहन गढ्ढे में फंसने लगे और देखते ही देखते कुसमुंडा की ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। घंटों बाद नगर निगम की जेसीबी मशीन पहुंची और जब मुरुम और मिट्टी हटाने का काम शुरु किया तब वाहनों के निकलने का काम शुरु हुआ। एक तरफ मिट्टी हटाई जा रही थी वहीं दूसरी तरफ से वाहनों को निकाला ज रहा था। जाम की यह स्थिति लगभग 3 घंटे तक बनी रही। इसी तरह कुचेना मोड़ में भी लंबा जाम लगा रहा। यहां बायपास रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे वाहनों की जाम की स्थिति लगातार निर्मित हो रही है। सर्वमंगला पुल में बारिश की दिनों में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

**खास बात**

- सर्वमंगला चौक के समीप फंसे थे छोटे बड़े वाहन

# ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल को आगे बढ़ाएं विभाग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट के सभी शाखाओं के कर्मचारियों को ई-ऑफिस के संचालन और किसी फ़ाइल को एक शाखा से दूसरे शाखा में प्रेषित करने, ऑनलाइन नोटशीट बनाने और फ़ाइल अटैचमेंट करने के संबंध में एनआईसी के अधिकारी हेमंत जायसवाल द्वारा पीपीटी तथा पोर्टल में गतिविधियों का संचालन कर बताया गया।

इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने अपने कार्यालय से डिजिटल हस्ताक्षर कर फ़ाइल की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभाग और शाखा ई-ऑफिस के माध्यम से फ़ाइल आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि किसी भी ऑफिस में फ़ाइल का मूवमेंट समय सीमा में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित हो। भविष्य में किसी भी कार्यालय के कामकाज को व्यवस्थित ढंग से करने में भी ई ऑफिस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने शाखा प्रभारी और प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों से कहा कि ई-ऑफिस के हर अनुदेश को अच्छे से समझते हुए इसका सावधानी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक दौर में समझने में भले ही कुछ कठिन लग सकता है लेकिन इसमें कार्य करना आसान है। इसे सीखने के पश्चात कार्य करने में आसानी होगी और शाखाओं से निकलने वाली फाइल, शाखाओं को प्राप्त होने वाली फ़ाइल का ऑनलाइन रिकॉर्ड रहेगा। किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होगी और कांटछांट नहीं हो सकने से हर फ़ाइल में क्लियरिटी और पारदर्शिता होगी। कलेक्टर ने सभी शाखाओं को अच्छे से प्रशिक्षण देने और उन्हें होने वाली कठिनाई को दूर करने के निर्देश भी दिए।

**खास बात**

- ई-आफिस में जाकर कलेक्टर ने डिजिटल हस्ताक्षर कर फाइल में दी स्वीकृति



ई-ऑफिस में डिजीटल सिग्नेचर करते कलेक्टर।

## गुरुद्वारा से लैपटॉप व मोबाइल की चोरी 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर निवासी जसबीर सिंह उम्र 40 वर्ष पिता स्व. मिल्खा सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 जुलाई की सुबह लगभग 5 बजे टीपी नगर स्थित गुरूद्वारा से 1 नग लेपटाप, डेल कंपनी का तथा 1 नग वीवो कम्पनी का मोबाइल फोन को स्टाफ रूम से किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 305 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु की। मामले में सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव द्वारा अपने मातहत स्टाफ के सहयोग से घटना महज 24 घंटे के भीतर चोरी गई मसरूका एक डेल कंपनी का लैपटॉप तथा एक नग वीवो कंपनी का मोबाइल फोन को आरोपी 15 ब्लाक निवासी माही डहरिया उर्फ राहुल उम्र लगभग 18 वर्ष पिता किशन डहरिया के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# चलती मालगाड़ी के सामने कूदा अधेड़, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शख्स ने चलती मालगाड़ी के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना उनके घर के पास रेलवे ट्रेक पर हुई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के दुरपा रोड की है। जानकारी के अनुसार, दुरपा निवासी 52 वर्षीय महादेवा दास जीटीपी कंपनी में कार्यरत था। पिछले कुछ दिनों से अधिक शराब का सेवन कर रहा था। घटना के समय भी वे नशे की हालत में था। मालगाड़ी का चालक उन्हें ट्रैक पर देख हॉर्न बजा रहा था। लेकिन महादेवा ने अचानक मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सागर दास ने बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब चल रही थी। इस कारण उन्हें काम से छुट्टी मिली थी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस और रेलवे आरपीएफ को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के परिजनों का बयान लिया है।

# ग्राम सलोरा में होगी पंडित मिश्रा की शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदीप मिश्रा

पवित्र श्रावण मास में पंडित प्रदीप मिश्रा की श्रीशिव महापुराण कथा का विशाल आयोजन करने की तैयारी में महाकाल भक्त मंडल जोर-शोर से जुटा हुआ है। बारिश का मौसम होने और तेज बारिश की भावी संभावनाओं के मध्य कथा आयोजन स्थल को लेकर दिक्कतें पेश आई हैं।

पहले कथा का आयोजन ग्राम कनबेरी के विशालकाय मैदान में करने की योजना थी, लेकिन जिला प्रशासन ने इसे उपयुक्त नहीं माना। इसके बाद प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम को तय किया गया, लेकिन भक्तों की संभावित संख्या के मद्देनजर यह स्थल काफी छोटा प्रतीत हो रहा है। अब महाकाल भक्त मंडल ने नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र अंतर्गत सलोरा में पूर्व वंदना पावर प्लांट की रिक्त पड़ी भूमि को चयनित किया है। महाकाल भक्त मंडल से जुड़े दुर्गेश शर्मा व शैलेष शुक्ला ने बताया कि पूर्व वंदना पावर प्लांट की जमीन पर तैयारी को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

# देवशयनी एकादशी पर मां सर्वमंगला घाट में की गई हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिन्दू धर्म की आस्था नगरी वाराणसी के मां गंगा आरती की तर्ज पर कोरबा में भी मां सर्वमंगला घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर संजु देवी राजपूत सहित विभिन्न समाजसेवी संस्था के पदाधिकारीगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा देवशयनी एकादशी के शुभ अवसर पर रविवार की शाम 5 बजे मां सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की गयी। इस दौरान समिति द्वारा आयोजन सम्बन्धी व्यवस्था की गयी थी। आरती के दौरान मां सर्वमंगला घाट पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा जो इस दृश्य के साक्षी बने।

उल्लेखनीय है कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। नदियाँ सनातन काल से हिंदुओं की आस्था व श्रद्धा का केंद्र और विकास यात्रा की आधार रही हैं। वर्तमान में नदियों में प्रदूषण सहित अन्य समस्याएं, मनुष्य के सनातन जीवन पद्धति का पालन नहीं करने से उतपन्न हुई हैं। इस दिशा में निष्ठा से कार्य करने पर निश्चित ही नदियाँ प्रदूषण मुक्त होंगी। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती माँ सर्वमंगला घाट,कोरबा पर आयोजित की जायेगी।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 163/ब-121/2024-2025
ग्राम-हिर्री तहसील-पामगढ़

आवेदक देवेश कुमार खरे उम्र 21 वर्ष पिता श्री संतोष खरे जाति सतनामी निवासी मकान नं. 125 हिरी ससहा तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. आशिषा खरे उम्र 22 वर्ष पिता श्री जगतराम खरे जाति सतनामी निवासी-566 सतनामी पारा कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम हिर्री तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेश कुमार खरे उम्र 21 वर्ष पिता श्री संतोष खरे जाति सतनामी निवासी मकान नं. 125 हिर्री ससहा तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. आशिषा खरे उम्र 22 वर्ष पिता श्री जगतराम खरे जाति सतनामी निवासी -566 सतनामी पारा कुरदा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 23.07.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज, दिनांक 18/06/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**Teaching Staff Required For Surya College of Nursing**
**New National Highway, Near Putpura Gauthan, Putpura Road, Banari, Tahsil-Janjgir, Dist-Janjgir-Champa (C.G.)**

Application are invited for vacant post in teaching faculty under statute-16 of Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences and Ayush University of Chhattisgarh Qualification as per Indian Nursing Council, New Delhi:

| S.No. | Designation | B.Sc.(N) |
|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 |
| 2 | Vice-Principal | 01 |
| 3 | Professor | 01 |
| 4 | Associate Professor | 02 |
| 5 | Assistant Professor | 08 |
| 6 | Tutor/Clinical Instructor | 10-18 |

**Other terms & Conditions: -**
1. Teaching Experience & Age Limit : As Per Council Norms
2. Pay Scale : As Per UGC Pay Scale/State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As Per State Government Norms.

**Selection Criteria: -** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-

Number of paper publications in various national/international journals., Paper presentation in conferences., Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application: -** Within 15 days from the date of publication of advertise.

**Address-Surya College of Nursing, Dist - Janjgir-Champa (C.G.) Contact No. -7691917783, 6261467078**



खबर संक्षेप

## एकादशी पर महामाया अध्यात्म परिषद का सत्संग कार्यक्रम



**खरौद।** महामाया अध्यात्म परिषद का रविवारीय मासिक सत्संग जुलाई माह का कार्यक्रम देवशयनी एकादशी के अवसर पर 6 जुलाई को महामाया देवी की पूजा कर महिला कीर्तन मण्डली द्वारा माता रानी के स्तुति से प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने अपने उदबोधन में बताया कि मानव जीवन की सफलता भोगों की अधिकता में नही है ,वह तो प्रभु की शरणागति ही में है। कार्यक्रम के संचालक हेमलाल यादव ने कहा कि खरौद को छत्तीसगढ़ का काशी कहा जाता है क्योंकि यहां काशी के विश्वेश्वर महादेव जैसे, साक्षात भगवान शंकर, लक्ष्मणेश्वर शिवलिंग के रूप में विराजमान होने से श्रद्धालुओं द्वारा काशी के प्रतिरूप माना जाता है। सत्संग कार्यक्रम में सुमित्रा आदित्य, अनुसुइया, भूरी, सोनकुवर, गुरवारी आदित्य, रमाबाई, लछमीन, गौरी यादव, तिरवेनी यादव,ललीता थवाईत,शांति श्रीवास, जानकी आदित्य, नर्मदा यादव, धनसाय यादव, झंगलूराम आदित्य रामसाय और योगेश कुमार आदित्य उपस्थित रहे ।

## प्रवीण्य सूची में टीसीएल की राजेश्वरी प्रथम एवं पूर्णिमा द्वितीय स्थान पर





**जांजगीर-चांपा।** शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के सत्र 2023-24 के प्रवीण्य सूची में शासकीय टीसीएल कालेज जांजगीर से राजेश्वरी पटेल प्रथम एवं पूर्णिमा धीवर द्वितीय स्थान प्राप्त किए। शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के सत्र 2023-24 के प्रवीण्य सूची में शासकीय टीसीएल कालेज जांजगीर से डॉ धरम सिंह मरावी और गौकरण जोशी के मार्गदर्शन में एम ए फाइनल में दर्शन शास्त्र में पूरे विश्वविद्यालय मेंराजेश्वरी पटेल 70.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम और पूर्णिमा धीवर 62.87 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्राप्त कर नाम रौशन किया है।

## प्रथम प्रयास में ही रिचा बनी सीए



**बलौदा।** नगर की रिचा गोयल ने प्रथम प्रयास में ही सीए का फाइनल एग्जाम क्लियर कर लिया है और सी ए बन गई। इससे पूरे परिवार के साथ-साथ अग्रवाल समाज में हर्ष का माहौल है। रिचा बचपन से ही मेधावी रही है। 12वीं तक की पढ़ाई रिचा ने बलौदा सीपत में ही किया। रिचा ने बीकॉम की तैयारी के साथ आईसीएआई के एग्जाम के लिए घर पर रहकर ही इन्होंने पूरी तैयारी की और ऑनलाइन कोचिंग लिया। कड़ी मेहनत कर घर से ही इन्होंने सीए बनने तक का सफर पूरा किया। रिचा ने कहा की अपनी सफलता का श्रेय वे अपने पिता बालकिशन अग्रवाल और माता कुसुम देवी अग्रवाल सहित अपने परिवारको देती है। साथ-साथ उन्होंने कहा कि आगे एक और अच्छे मुकाम में पहुंचने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगी।

## अर्पित ने पुनर्मूल्यांकन के बाद दसवीं में प्राप्त किया 94.66 प्रतिशत अंक



**राहौद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई-स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद के कक्षा दसवीं के छात्र अर्पित अजगल्ले पिता चंद्र कुमार ने 93.50 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया था। छात्र अर्पित ने अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होकर पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया था। गौरतलब है अर्पित को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था, पुनर्मूल्यांकन परिणाम के बाद छात्र अर्पित अजगल्ले का प्राप्तांक प्रतिशत बढ़कर 94.66 प्रतिशत हो गया है।

## नरेन्द्र मोदी विचार मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बने विनोद



**चांपा।** नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य एवं पूर्वोत्तर राज्य के प्रभारी अमरनाथ सोनी के अनुशंसा पर राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के. के. वर्मा ने जांजगीर-चांपा जिले से चांपा निवासी विनोद मोदी (सीरिया) को छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उपरोक्त नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी, अग्रवाल सेवा संघ, श्री श्याम बाबा मंदिर सेवा समिति, मित्र, व्यापारी, परिवार व नगर वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

कलेक्टर ने विभिन्न विभाग के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

# सभी प्रमुख मार्गों पर बने गड्ढों की मैपिंग कर मरम्मत कार्य में लाएं तेजी : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सड़क मरम्मत एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने कहा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 8 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को सभी शहरी एवं ग्रामीण सड़कों के गड्ढे की मरम्मत करने के साथ मुख्य मार्गों, स्कूलों, अस्पतालों और औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। उन्होने सभी प्रमुख मार्गों पर गड्ढों की मैपिंग कर मरम्मत कार्य में तेजी के साथ-साथ निर्माण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियो को बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाले मौसमीं बिमारियों को ध्यान में रखते हुए अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में डायरिया की समस्या पाये जाने पर उसके ईलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने फॉरेस्ट और उद्यान विभाग के अधिकारियों से पौधरोपण की तैयारियों की जानकारी ली तथा पौधरोपण कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने जिले के विभिन्न चिन्हान्कित स्थलो पर आयोजित हो रहे धरती आबा जनभागीदारी अभियान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदन आदि की जानकारी ली तथा हितग्राहियो को शासन के निर्देशानुसार योजनाओ से लाभन्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में राजस्व अधिकारियों से तहसीलवार विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा राजस्व कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम,एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## एंटी वेनम की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बरसात के मौसम में सर्वप्रथम एवं बिच्छू डांस के संभावित खतरों को देखते हुए कुंवर भवन भास्कर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर पार्षदों के द्वारा बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी को ज्ञापन सौंपा गया।

■ बरसात के मौसम में आए दिन देखने को मिल रही स्नेक बाइट की घटना

पार्षद विजय खांडेल ने बताया कि बारिश के मौसम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन स्नेक बाइट की घटना देखने को मिलती है एवं कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता नहीं होने पर मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर बीएमओ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराए जाने, एंटी वेनम के भंडारण के लिए उचित व्यवस्था किए जाने, स्वास्थ्य कर्मियों को एंटी वेनम के उपयोग के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने सहित स्नेक बाइट की स्थिति में किसी झाड़-फूंक के चक्कर में न फंसकर क्षेत्र वासियों को सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी वेनम लगाए जाने के लिए जागरूक करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी के द्वारा पार्षदों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कराते हुए एंटी वेनम की पर्याप्त उपलब्धता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी वेनम के भंडारण को दिखाया गया। जापान सपना वालों में पार्षद कमलेश्वर दास वैष्णव, मुरलीधर मिश्रा एवं चंद्रशेखर मिरचन्य ने शामिल थे।

## वीरभाठा में घर वापसी पर निकाला गया भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**मालखरौदा।** ग्राम वीरभाठा में हर वर्ष तरह इस वर्ष भी रथ यात्रा सोमवार 7 जुलाई को संपन्न हुई। मोहन दास वैष्णव के घर सजी बलभद्र सुभद्रा और श्री कृष्ण की त्रिमूर्तियों की सुमेंद यादव के घर विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात खोंधर की कर्महा पार्टी के वाद्य व नृत्य के साथ भगवान जगन्नाथ दिव्य रथ पर विराजित कर ग्राम में भ्रमण कराया गया जहां मार्ग में माताएं पुष्प नारियल न्योछावर कर गज मूंग का प्रसाद और आशीष पाकार धन्य होती रही। यात्रा मांझा खोल, स्कूलचौक, सड़क पारा, भाटापारा होती हुई दुर्गा मंदिर के पास लगी बाजार में पधारी जहां उत्सव के प्रायोजक गांव के पंचगढ़ जगन्नाथ स्वामी का आशीर्वाद लिए। आयोजन को सफल बनाने में पंच लक्ष्मी ठाकुर,रणविजय मरावी, भूपेंद्र महंत, दुर्गा केवट, उत्तरी मानिकपुरी, दुरपा यादव, रथ बाई केवट, भगवती यादव, राधाबाई यादव, आदि का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में उपसरपंच बुद्धेश्वर नाविक ने पुनी राम यादव ,रमेश कुमार,सुकवारा बाई यादव दिनेश्वर सिदार रमेश केवट रामेश्वर यादव वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## जीवन को खुशहाल बनाने कमियों की बजाय विशेषताओं को देखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुलमुला सेवा केंद्र के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारी के राजनीतिज्ञ सेवा प्रमाण पत्र के द्वारा ग्राम मुलमुला के सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

■ प्रजापति ब्रह्माकुमारी ने किया जनपद सदस्य व पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुलमुला के नवनिर्वाचित सरपंच अमितेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य कोनारगढ़ मुलमुला, श्रीमती नंदकुमारी कश्यप उपसरपंच, सन्नी यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि, पृथ्वीराज कश्यप एवं नवनिर्वाचित पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी ने परमपिता परमात्मा भगवान शिव को याद करते हुए सभी ने गांव की खुशहाली के लिए प्रार्थना की ।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनें।

मुख्यवक्ता रहे विकास भाई बिलासपुर से जो की मोटिवेशन मेमोरी ट्रेनर काउंसलर एवं कुशल राजयोगी शिक्षक हैं उनके द्वारा खुशी जीवन की सौगात विषय पर वर्क शॉप कराया गया जिसे जिसे सबने शिखा की अपने कार्य को करते हुए अपने जीवन को खुशहाल कैसे बनाना है अपने जीवन में अगर हमको खुशियां चाहिए तो हर एक की विशेषता को देखना है। विशेषताओं को देखेंगे तो जीवन खुशहाल रहेगा की कमियों को देखेंगे तो पीछे रह जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी शारदा बहन ने सभी को आत्म शक्ति और परमात्मा शक्ति में अवगत कराया। सभी ने जन की जीवन में श्रेष्ठ कार्य कैसे करना है जीवन में सद्ज्ञान की जरूरत कितनी है इस विषय पर शारदा बहन ने संबोधित किया। तत्पश्चात मुलमुला सेवा केंद्र की इंचार्ज ब्रह्माकुमारी कौशल्या दीदी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई से पांच दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन मुलमुला सेवा केंद्र पर किया जाएगा। कार्यक्रम में राजाराम, भास्कर भाई, हर्ष भाई, पुरंदर भाई, शांता, अंजली, राजकुमारी, अजय भाई उपस्थित रहे।

## प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मौहाडीह में शाला प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

**चांपा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मौहाडीह संकुल केन्द्र मौहाडीह में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को फूलमाला तिलक व मिठाई खिलाकर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुंजबिहारी राठौर, मुखीराम यादव, ग्राम पंचायत सरपंच मनीराम साहू एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि व पालकों द्वारा पुस्तक-गणवेश वितरण कर प्रवेश दिलाया गया। तत्पश्चात नवीन शिक्षा सत्र हेतु प्रथम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शाला विकास, शाला स्वच्छता, एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया। इसके बाद कक्षा पांचवीं व कक्षा आठवीं में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा पांचवीं से छाया राठौर पिता योगेश्वर प्रसाद राठौर व कक्षा आठवीं से प्रिया राठौर पिता योगेश्वर प्रसाद राठौर को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। इसके बाद कक्षा आठवीं उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को समारोह का आयोजन कर पेन-डायरी देकर विदाई दिया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कंवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कामता प्रसाद यादव, विक्रम दास महंत, धनसाय राठौर, रसिया दास महंत, कुंतु दास महंत, फूलसाय यादव, विजय श्रीवास, रायसिंह मन्नेवार,डूलेश्वर प्रसाद रजक, अनिल प्रकाश सिंह सहित ग्राम के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## हज़रत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज ने निकाला ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

इस्लाम का पवित्र ईस्लामी पहला महीना मोहर्रम का होता है इस मुबारक महीने में हजरत इमामें हसन और इमामे हुसैन ने अपने नाना पैगंबर मोहम्मद के दिने ईस्लाम को बचाने के लिये अपने पूरे घर परिवार को लेकर बगदाद गए और यजीद से मजलुमो, बेकासुरो पर ज़्यादती जुल्म ना करने को कहा लेकिन यजीद अपनी शैतानी हुकुमत और लाओ लश्कर के घमंड से भरा हुआ था। उसने हज़रात इमाम हुसैन को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया पर नाना के दिने ईस्लाम के लिए कर्बला के मैदान में नमाज पढ़ते हुये इमाम हुसैन ने शहादत पाई थी।

केवल 72 लोग इमाम हसन और हुसैन के सांथ थे और लाखों के लाव लश्कर याजिदो की फौज के सांथ थी पर इमाम हुसैन लड़ते लड़ते उनके सभी संथियो ने फ़तह पा लिया था। जंग के दौरान नमाज ऐ इबाबद की हालत में धोखे से हज़रत इमाम हुसैन के सर को तन से जुदा कर दिया गया था। मोहर्रम पर्व पर जामा मस्जिद के सामने में हुसैनी लंगर,शर्बत,शाही हलवा का पकवान बना कर सभी लोगो को इमाम हुसैनी की याद में शर्बत लंगर, हलवा खिलाया गया। इस मुबारक मौके पर जामा मस्जिद में यौमे आशूरा की नमाज अदा किया गया और पुरानी बस्ती तुर्का पारा से संजय नगर से इमाम हुसैन की याद में ताजिया बना कर जुलूस की तरह ताजिया निकाला गया। मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर के हिसाब से पहला महीना होता है उनकी इस मुबारक महीने में खास नमाज होती है जो 10 मोहर्रम को यौमे आशूरा के नाम से मनाया जाता है और इमाम हुसैनी के रौजे के तौर पर ताजिया बना कर घुमाया जाता है। इस मौके पर मस्जिद के सामने,मदीना चौक,संजय नगर और सब्जी मंडी स्टेशन रोड में जगह जगह शर्बत-लंगर-हलवा मीठा पकवान का आयोज किया गया।



मोहर्रम के अवसर पर नगर में ताजिया निकालते मुस्लिम समाज के लोग।

## किसानों के लिए एक कड़ी के रूप में कार्य कर रहा सहकारिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य के राज्य विपणन प्रबंधक आशुतोष चंद्राकर के निर्देशन में मदन मोहन बाजपेई कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि जांजगीर-चांपा द्वारा सहकारिता सप्ताह के तहत एक सामूहिक परिचर्चा कार्यक्रम 6 जुलाई को सेवा सहकारी केंद्रीय समिति सिवनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश राठौर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सिवनी रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष मायाराम राठौर सेवा सहकारी सिवनी थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को कृभको प्रतिनिधि द्वारा कार्यक्रम की थीम, कृभको एवं सहकारिता के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री राठौर ने बताया कि सहकारिता किसानों के लिए एक कड़ी के रूप में कार्य कर रही है जिससे हर किसान छोटे बड़े व्यवसायों से जुड़ पा रहा है चाहे वह कृषि क्षेत्र हो, मत्स्य पालन हो, कुक्कुट पालन हो या गोठान की बात हो सभी क्षेत्र में सहकारिता हितकारी सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं अतिथियों को पौधे वितरण करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए अपील की गई।

■ सेवा सहकारी समिति सिवनी में सामूहिक परिचर्चा एवं पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाते अतिथि।

## स्काउट्स-गाइड्स एवं वालेंटियर्स ने पौधरोपण कर देखभाल का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के द्वारा सोमवार 7 जुलाई को पूरे राज्य में एक साथ वृहद पौध रोपण किया गया। इस अभियान का हिस्सा बनते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उमावि मड़वा प्रांगण व मुक्तिधाम मड़वा में राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट्स-गाइड्स सहित जिले भर के चुनिदा वालेंटियर्स ने दो सौ पौधे लगाए।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा प्रांगण व मुक्तिधाम में लगाए गए दो सौ पौधे

जिले के शासकीय उमावि तिलई, शासकीय हाईस्कूल रसौटा व शासकीय उमावि अमोरा, शाउमावि बनारी, शाउमावि करमंदा, शाउमावि महुदा, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम क्रमांक 2 जांजगीर, शाउमावि भड़ेसर, भारतीय विद्या मंदिर लगरा पामगढ़, लायंस पब्लिक स्कूल चांपा, स्व. पवन सिंह यादव मेमोरियल न्यू क्रियेशन पब्लिक स्कूल जांजगीर सहित जिले के सभी यूनिट लीडर ने अपने- अपने गांव व स्कूल प्रांगण में पौधे लगाये। जिला स्तरीय पौध रोपण शाउमावि मड़वा में जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव, सरपंच अजय सोनवानी, युवा नेता दिव्यांश चंदेल, प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शुक्ला, जिला सचिव दीपक कुमार यादव, डीओसी स्काउट डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, पौधरोपण प्रभारी डीटीसी गाइड डॉ. धनमत महंत, डीटीसी स्काउट पूरनलाल पटेल, कु श्वेता जयसवाल डी ओ सी गाइड, ट्रेनिंग काउंसलर संजय यादव, नेपाल सिंह कंवर, परमेश्वर सिंह टेकाम, सुखसागर निराला, रंजन यादव, अभय सिंह, अरमान शर्मा की उपस्थिति में संस्था प्रांगण सहित ग्राम मड़वा के मुक्तिधाम में 200 पौधे लगाये गये। कार्यक्रम का संयोजन जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने किया। कार्यकम का संयोजन कु श्वेता जायसवाल डी ओ सी गाइड ने किया।




कार्यक्रम में उपस्थित जिला मुख्य आयुक्त, जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ एवं स्काउट्स गाइड्स व वालेंटियर्स।

## जांजगीर में पुलिस कप्तान ने गाइड्स के साथ लगाये पौधे

शासकीय कन्या पूमावि जांजगीर में भारत स्काउट संघ गाइड के वृहद पौधरोपण में सहभागिता निभाते हुए पुलिस कप्तान विजय कुमार पाण्डेय, सीएसपी कविता ठाकुर, जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव, अध्यक्ष एसएमसी, पार्षद श्रीमती रक्षा सिंह, एपीसी हरिराम जायसवाल, हेमलता शर्मा, दिनेश सोनवान, प्रधान पाठक श्रीमती जयंती दुबे, रविकांत पाण्डेय, ललिता स्वर्णकार, रोहन योगेश्वर, अंजू राठौर ने भारत स्काउट-गाइड्स छ.ग. के वृहद पौधरोपण अभियान में सहभागी बनते हुये संस्था के गाइड दल की छात्राएं यूनिफार्म में अतिथियों के साथ पौधरोपण किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411